दैनिक
# क्यूँ न लिखूँ सच
प्रातः कालीन
मुरादाबाद से प्रकाशित
बर्षः- 05
अंकः- 01
मुरादाबाद
22 April 2025
(Tuesday)
पृष्ठः- 08
मूल्यः- 3.00 रूपया
भारत सरकार से रजिस्टर्ड
RNI No.UPBIL/2021/83001
राष्ट्रीय हिंदी अंग्रेजी समाचार पत्र
प्रसारित क्षेत्र-बरेली, पीलीभीत, बदायूं, कासगंज, एटा, बहराइच, संभल, श्रावस्ती, अलीगढ और उत्तराखंड

## हम आज जो निर्णय ले रहे हैं, वो एक हजार साल का भविष्य तय करने वाले हैं, पीएम मोदी बोले

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा कि तेजी से बदलते समय में हमें वैश्विक चुनौतियों पर भी गहरी नजर रखनी है। आप देख रहे हैं कि खाना, पानी और ऊर्जा सुरक्षा अब भी बड़ी चुनौती बनी हुई है। विशेष रूप से वैश्विक दक्षिण के लिए ये बहुत बड़ा संकट है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने 17वें सिविल सेवा दिवस कार्यक्रम में हिस्सा लिया। इस दौरान उन्होंने लोक प्रशासन में उत्कृष्टता के लिए प्रधानमंत्री पुरस्कार के लिए जिलों का समग्र विकास और लोक प्रशासन में उत्कृष्टता के लिए प्रधानमंत्री



पुरस्कार से चुनिंदा नवाचार% पर ई-कॉफी टेबल बुक का विमोचन किया। उन्होंने कार्यक्रम को संबोधित भी किया। उन्होंने कहा कि इस बार का सिविल सेवा दिवस कई वजहों से बहुत विशेष है। इस साल हम अपने संविधान का 75वां वर्ष मना रहे हैं और ये सरदार वल्लभभाई पटेल जी की 150वीं जयंती के भी साल है। 21 अप्रैल, 1947 को सरदार वल्लभभाई पटेल ने आप सभी को स्टील फ्रेम ऑफ इंडिया% कहा था। उन्होंने स्वतंत्र भारत की ब्यूरोक्रेसी की नई मर्यादाएं तय की थी। एक ऐसा सिविल सर्वेंट जो राष्ट्र की सेवा को अपना सर्वोत्तम कर्तव्य माने, जो लोकतांत्रिक तरीके से प्रशासन चलाए, जो ईमानदारी, अनुशासन और समर्पण से भरा हुआ हो।पीएम मोदी ने कहा कि कुछ समय पहले मैंने लाल किले से कहा था कि आज के भारत को आने वाले 1 हजार साल की नींव को मजबूत करना है। एक हिसाब से देखें तो 1 हजार साल की सहस्त्राब्दी में पहले 25 साल बीत गए हैं। ये नई शताब्दी का 25वां साल है और नई सहस्त्राब्दी का भी 25वां साल है। हम आज जिन नीतियों पर काम कर रहे हैं, जो निर्णय ले रहे हैं, वो 1 हजार साल का भविष्य तय करने वाले हैं।उन्होंने कहा, %विकसित भारत के हमारे लक्ष्य की प्राप्ति के लिए भी विकास रथ के हर चक्र को मिलकर चलना है। दृढ़ प्रतिज्ञ होकर हर क्षण, हर दिन इस लक्ष्य के लिए काम करना है। लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए जीना है, जिंदगी खपानी है।%पीएम मोदी ने कहा कि 2014 के बाद से देश में व्यवस्था परिवर्तन का एक बहुत बड़ा महायज्ञ शुरू हुआ है। हम इस तेज रफ्तार के साथ खुद को तेजी से ढाल रहे हैं। आज भारत की आकांक्षी समाज... भारत के युवा... भारत के किसान... भारत की महिलाएं... उनके सपनों की उड़ान आज जिस ऊंचाई पर है... वो अभूतपूर्व है। इन अभूतपूर्व आकांक्षाओं की पूर्ति के लिए अभूतपूर्व गति आवश्यक है।उन्होंने कहा, %मुझे खुशी है की इस बार सिविल सेवा दिवस की थीम भारत का समग्र विकास रखी गई है। भारत का समग्र विकास यानी कोई गांव पीछे न छूटे। कोई परिवार पीछे न छूटे। कोई नागरिक पीछे न छूटे। असल प्रगति का मतलब छोटे बदलाव नहीं होता... बल्कि पूर्ण पैमाने पर प्रभाव होता है। हर घर में साफ पानी, हर बच्चे को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा, हर उद्यमी को वित्तीय पहुंच और हर गांव को डिजिटल अर्थव्यवस्था का लाभ। यही है- समग्र विकास।पीएम मोदी ने कहा कि मैं मानता हूं कि शासन में गुणवत्ता सिर्फ योजनाएं लॉन्च करने से नहीं आती, बल्कि शासन में गुणवत्ता से इससे तय होती है कि वो योजना कितनी गहराई तक जनता के बीच पहुंची और उसका कितना वास्तविक प्रभाव हुआ। पिछले 10-11 साल की देश की जो सफलताएं रही हैं, उन्होंने विकसित भारत की नींव को बहुत मजबूत किया है। आज देश इस मजबूत नींव पर विकसित भारत की भव्य इमारत का निर्माण शुरू कर रहा है। लेकिन निर्माण की इस प्रक्रिया में हमारे सामने चुनौतियां कम नहीं हैं। भारत अब दुनिया का सबसे अधिक जनसंख्या वाला देश बन चुका है। ऐसे में बेसिक सुविधाओं की परिपूर्णता हमारी प्राथमिकता होनी चाहिए। आपको अंतिम छोर डिलीवरी पर हमेशा बहुत ज्यादा फोकस करते रहना है। समय के साथ देशवासियों की जरूरत और आकांक्षाएं तेजी से बदल रही हैं।उन्होंने कहा कि तेजी से बदलते समय में हमें वैश्विक चुनौतियों पर भी गहरी नजर रखनी है। आप देख रहे हैं कि खाना, पानी और ऊर्जा सुरक्षा अब भी बड़ी चुनौती बनी हुई है। विशेष रूप से वैश्विक दक्षिण के लिए ये बहुत बड़ा संकट है।

## संक्षिप्त समाचार

### वरिष्ठ कार्यकर्ताओं संग बैठक, बोले- हिंदू समाज एकजुट करने में वरिष्ठ स्वयंसेवक महत्वपूर्ण

सरसंघचालक डॉ. मोहन भागवत के साथ हुई बैठक में ब्रज प्रांत के आगरा, चंद्रनगर (फिरोजाबाद), शाहजीपुर (शाहजहांपुर), बरेली, बदायूं, एटा, हरिगढ़, मथुरा विभागों के 44 वरिष्ठ स्वयंसेवक शामिल हुए। पांच कार्यकर्ता 80 से अधिक उम्र के थे। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के सरसंघचालक डॉ. मोहन भागवत ने कहा कि वरिष्ठ कार्यकर्ता संगठन की ताकत हैं, जिन्होंने अपना जीवन समर्पित कर आदर्श स्थापित किए हैं। इसलिए शताब्दी वर्ष में हिंदू समाज को एकजुट करें, जिससे संघ के कार्यों को गति दी जा सके। संघ प्रमुख ने यह बात 20 अप्रैल को डॉ. शन्नोरानी सरस्वती कन्या महाविद्यालय में ब्रज प्रांत के 44 वरिष्ठ कार्यकर्ताओं के साथ बैठक में कही। संघ प्रमुख ने कहा कि व्यक्ति निर्माण का केंद्र बिंदु शाखा है, इसलिए शाखाओं की संख्या जितनी अधिक होगी और प्रभावी होगी, उतना ही संगठन मजबूत होगा। राष्ट्र के प्रति समर्पित व्यक्तियों का संख्या बल बढ़ेगा। ऐसे ही व्यक्ति राष्ट्र को परम वैभव पर पहुंचाने में अपनी महत्वपूर्ण भूमिका निभाएंगे। शताब्दी वर्ष में सात बिंदुओं पर आधारित कार्यक्रमों में ध्यान देने के लिए कहा। उन्होंने कहा कि शताब्दी वर्ष में संघ के स्थापना दिवस विजय दशमी पर प्रत्येक गांव, मंडल और बस्ती में कार्यक्रम आयोजित किए जाने हैं, समाज की अधिक से अधिक सहभागिता रहे

## यूपी डीजीपी का अखिलेश के बयान पर पलटवार, बोले- नियम से होती है थानेदारों की तैनाती, भ्रामक बयान न दें

यूपी में थानेदारों की तैनाती में जातिवाद के आरोप लगाने पर यूपी डीजीपी ने सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव के बयान की निंदा की है और कहा कि जिम्मेदार पदों पर बैठे लोगों को इस तरह के बयान नहीं देना चाहिए। थानेदारों की तैनाती में भेदभाव के सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव के बयान की डीजीपी प्रशांत कुमार ने निंदा करते हुए कहा कि जिम्मेदार पद पर बैठे लोगों को ऐसे भ्रामक बयान देने से बचना चाहिए। डीजीपी ने कहा कि सोशल मीडिया में थानेदारों की तैनाती में जाति को लेकर कुछ पोस्ट



वायरल हो रही है। उन्होंने बताया कि थानेदारों की तैनाती शासन के नियमों के अनुरूप की जा रही है। गैर जिम्मेदाराना तरीके से जो संख्या बताई जा रही है, वह गलत है। संबंधित जिलों की ओर से आपत्ति जताते हुए सही जानकारी दी जा रही है। जिलों ने इस तरह की गलत बयानबाजी का खंडन भी किया गया है। जनरल, एससी, एसटी और ओबीसी वर्ग के थानेदारों की तैनाती में शासन के आदेशों का पालन किया जा रहा है। जिम्मेदार लोगों को ऐसे बयान देने से बचना चाहिए।सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव पहले भी योगी सरकार पर थानाध्यक्षों की तैनाती में जातिवाद का आरोप लगाते रहे हैं। वहीं, बीते दिनों आए अखिलेश यादव ने योगी सरकार पर तंज कसते हुए कहा था कि यूपी का अगला डीजीपी कार्यवाहक होगा और एक जाति विशेष से होगा।

## सेवा सुरक्षा बहाली के लिए भरी हुंकार, लखनऊ पहुंचे प्रदेश भर के शिक्षक, बोले- उत्पीड़न बर्दाश्त नहीं


लखनऊ के ईको गार्डेन में प्रदेश भर के शिक्षक एकत्र हुए और सेवा सुरक्षा बहाली के लिए हुंकार भरी। उन्होंने कहा कि इससे शिक्षकों की सेवाओं पर बुरा असर पड़ रहा है। सेवा सुरक्षा की बहाली के लिए सोमवार को शिक्षकों ने अपनी आवाज बुलंद की। प्रदेश भर से इको गार्डेन में एकत्र हुए शिक्षकों ने शिक्षक सेवा सुरक्षा की धारा 12,18, एवं 21 को नए आयोग में जोड़ने की मांग की। प्रदर्शनकारियों की अगुवाई कर रहे उत्तर प्रदेश माध्यमिक शिक्षक संघ प्रदेश अध्यक्ष सोहन लाल वर्मा ने कहा कि उत्तर प्रदेश माध्यमिक शिक्षा सेवा चयन बोर्ड अधिनियम 1982 की धारा 12, 18 एवं 21 को



उत्तर प्रदेश माध्यमिक शिक्षा सेवा चयन आयोग अधिनियम 2023 से निष्कासित कर दिया गया है। इन तीनों धाराओं के उत्तर प्रदेश माध्यमिक शिक्षा सेवा चयन आयोग अधिनियम 2023 में न होने से प्रदेश भर के सहायता प्राप्त माध्यमिक विद्यालयों के शिक्षकों की सेवा पर बुरा असर पड़ रहा है। उन्होंने कहा कि जब से तीनों धाराएं समाप्त की गई है, प्रदेश में शिक्षकों का निलंबन और बर्खास्तगी का सिलसिला शुरू हो गया है। शिक्षक सेवा सुरक्षा के अभाव में भयभीत हैं। उन्होंने कहा कि सेवा सुरक्षा प्रदान करते हुए अशासकीय माध्यमिकों का पूरी तरह राजकीयकरण किया जाए। प्रदेश संरक्षक डॉ. हरिप्रकाश यादव तथा प्रदेश प्रवक्ता श्रवण कुमार कुशवाहा ने कहा कि माध्यमिक शिक्षा सेवा चयन बोर्ड अधिनियम 1982 निरसित होने के कारण सहायक अध्यापक से प्रवक्ता पद पर पदोन्नति बीते डेढ़ वर्ष से बंद है और इंटरमीडिएट शिक्षा अधिनियम 1921 प्रभावी है। 1921 के एक्ट के तहत जिला विद्यालय निरीक्षकों द्वारा सेवा संबंधी प्रकरणों में निर्णय दिए जा रहे हैं जबकि इस अधिनियम के अधीन निर्मित विनिमय में उल्लेखित पदोन्नति के प्रावधानों का पालन नहीं किया जा रहा है। प्रदेश उपाध्यक्ष उपेंद्र वर्मा और प्रदेश मंत्री संदीप शुक्ल ने कहा कि सेवा सुरक्षा की धारा 21 समाप्त होने से प्रदेश में शिक्षकों का शोषण एवं उत्पीड़न चरम पर है जिसे बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। इस मौके पर दीपक सिंह पुंडीर, सुभाष सिंह यादव, अटेवा के प्रदेश संगठन मंत्री भूरी सिंह एवं राजेश जायसवाल ने संबोधित किया।

## अमेरिकी उपराष्ट्रपति जेडी वेंस पत्नी-बच्चों संग पहुंचे अक्षरधाम; भारतीय परिधान में दिखाई दिया परिवार

अमेरिकी उपराष्ट्रपति जेडी वेंस सोमवार को अपने परिवार के साथ चार दिवसीय भारत यात्रा पर आएंगे। उसी दिन शाम को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी वेंस और उनके परिवार के सम्मान में रात्रिभोज का आयोजन करेंगे। इससे पहले, वेंस अपने परिवार के साथ अक्षरधाम मंदिर जाएंगे। इसके अलावा, वह आगरा और जयपुर की यात्रा भी करेंगे। अमेरिकी उपराष्ट्रपति जेडी वेंस और पत्नी उषा अपने तीन बच्चों के साथ सोमवार को दिल्ली में अक्षरधाम मंदिर गए। सुबह दिल्ली पहुंचे वेंस का हवाई अड्डे पर केंद्रीय मंत्री अश्विनी वैष्णव ने गर्मजोशी से स्वागत किया। वेंस, उनकी भारतीय मूल की पत्नी उषा चिलुकुरी और उनके बच्चे इवान, विवेक और मीराबेल, तीनों भारतीय परिधान पहने हुए दिखाई दिए। मंदिर के बाहर उन्होंने तस्वीरें भी खिंचवाईं। अमेरिकी उपराष्ट्रपति



के साथ भारत की अपनी चार दिवसीय यात्रा पर वरिष्ठ अमेरिकी सरकारी अधिकारियों का एक प्रतिनिधिमंडल भी है। वे जयपुर और आगरा भी जाएंगे। सोमवार शाम को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी उपराष्ट्रपति के साथ बातचीत करने के बाद वेंस के लिए रात्रिभोज का आयोजन करेंगे। वेंस की पहली भारत यात्रा अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की ओर से भारत सहित लगभग 60 देशों के खिलाफ व्यापक टैरिफ व्यवस्था लागू करने और फिर उसे स्थगित करने के हफ्तों बाद हुई है। अमेरिका के उपराष्ट्रपति जेडी वेंस तीन दिवसीय दौरे पर सोमवार को भारत पहुंचेंगे। वेंस भारतीय मूल की पत्नी उषा और तीन बच्चों के साथ आ रहे हैं। इस बीच, भारत रवाना होने के लिए अमेरिकी उपराष्ट्रपति जेडी वेंस और उनका परिवार रोम चियाम्पिनो एयरपोर्ट पर पहुंचा। जहां से वे एयर फोर्स टू (स्न2) विमान में सवार होकर भारत की राजधानी नई दिल्ली के लिए रवाना हुए। सोमवार को सुबह 9ः30 बजे ह्नस्ञ्ज के आसपास वे दिल्ली पहुंचेंगे। रोम से दिल्ली रवाना होने के दौरान का एक वीडियो सामने आया है, जिसमें जेडी वेंस के बच्चे को दोनों हाथों में तलवार लेकर खेलते देखा गया। अमेरिकी उपराष्ट्रपति शाम साढ़े छह बजे प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से उनके आवास पर मुलाकात करेंगे। इस दौरान व्यापार, टैरिफ, क्षेत्रीय सुरक्षा और समग्र द्विपक्षीय संबंधों को बढ़ावा देने जैसे अहम मुद्दों पर बातचीत होगी। जेडी वेंस की पहली भारत यात्रा अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के भारत समेत लगभग 60 देशों पर जवाबी टैरिफ लगाने और फिर उस पर रोक लगाने के कुछ सप्ताह में हो रही है। भारत और अमेरिका, टैरिफ व बाजार पहुंच समेत विभिन्न मुद्दों का हल निकालने के लिए लगातार द्विपक्षीय व्यापार समझौते पर चर्चा कर रहे हैं। पीएम मोदी व वेंस के बीच सोमवार की बैठक में समझौते को जल्द अंतिम रूप देने के साथ दोनों देशों में संबंधों को और बेहतर बनाने पर ध्यान केंद्रित किया जाएगा। वेंस के साथ पेंटागन व विदेश विभाग के वरिष्ठ अधिकारी भी बैठक में शामिल होंगे, जबकि भारत की ओर से विदेश मंत्री एस जयशंकर, एनएसए अजीत डोभाल, विदेश सचिव विक्रम मिस्त्री और अमेरिका में भारतीय राजदूत विनय मोहन क्वात्रा शिरकत करेंगे। विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने बताया कि अमेरिकी उपराष्ट्रपति सोमवार को दिल्ली में अक्षरधाम मंदिर जाएंगे। अगले दिन वह जयपुर जाएंगे, जहां वह और उनकी पत्नी उषा वेंस यूनेस्को की वैश्विक धरोहर में शामिल आमेर किला समेत कई ऐतिहासिक इमारतों को देखेंगे। 23 अप्रैल की सुबह वेंस परिवार के साथ आगरा में ताजमहल का दीदार करेंगे। उसी शाम वेंस आगरा से वापस जयपुर जाएंगे और अगले दिन 24 अप्रैल की सुबह अमेरिका रवाना होंगे। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने दो अप्रैल को अमेरिका के सभी कारोबारी साझेदारों पर जवाबी टैरिफ लगाने की घोषणा की थी। हालांकि बाद में ट्रंप ने चीन को छोड़कर अन्य सभी देशों पर लगाए गए टैरिफ को 90 दिन के लिए स्थगित कर दिया। इसके बाद से ही अमेरिकी नेता अलग-अलग देशों के साथ बातचीत कर द्विपक्षीय समझौतों के जरिये इस मुद्दे को सुलझाने का प्रयास कर रहे हैं।

संपादकीय Editorial

# Responsibilities of the Governor

The roles, Laxman-rekhas and limits of the legislature, executive and judiciary are clearly defined in the Constitution. All are independent in their respective areas. No one can interfere in the exclusive area of ??others. Article 122 of the Constitution prevents the validity of Parliament's proceedings from being challenged on the basis of procedural irregularities. It protects the internal affairs of Parliament from judicial review and protects its legislative independence. Despite this constitutional arrangement, Vice President Jagdeep Dhankhar had to make a statement that Article 142 has become a 'nuclear missile' for the judiciary. This missile is available to the judiciary 24 hours a day. The Vice President is the second highest constitutional post in the country. He has said that the Supreme Court cannot give instructions to the President of the country. Some retired judges have clarified that the judicial bench headed by the Chief Justice of the country, Justice Sanjeev Khanna, has not given any instructions of any kind to the President. This can be understood by reading the decision of the bench. Actually the discussion started in the context of the episode when the Governor of Tamil Nadu did not approve the bills passed by the assembly and kept them suppressed. Many governors are doing this in non-BJP ruled states. This record can be seen. The Supreme Court, using special powers under Article 142, not only made those bills law, but also laid down instructions for the Governor. Of course, neither instructions are given to the President nor has the situation of a 'nuclear missile' arisen. In India, the President works on the advice of the Union Cabinet. Deputy Secretaries or senior level officers are appointed in the Home Ministry, who take decisions on the basis of the President and then the President signs that file. Of course, the Supreme Court can give instructions to the officials of the Home Ministry. Arguments were even given that the President appoints the Chief Justice of the country and other judges of the Supreme Court. How can a servant give instructions to the employer? Actually such decisions are also taken at the level of the government and the cabinet and then the President signs the file sent by the concerned ministry. The President is, in a sense, the employer in writing and, according to the functioning of the government, he is not the employer. We do not think that the judiciary has crossed the constitutional Laxman-rekha. Rather, such an act has been done by the BJP MPs. BJP MP from Jharkhand Nishikant Dubey said, 'The Chief Justice of India Justice Sanjeev Khanna sahab is the only one responsible for all the civil wars happening in this country.' The BJP MP even alleged that the court wants to take this country towards anarchy. How can the court give instructions to the President? How did you make a new law? In which law is it written that the President has to take a decision within three months? Anyway, the BJP leadership did well to distance itself from such comments of the MPs and rejected such statements. However, politics could have taken a new turn from here. The Supreme Court also did not take any cognizance and ignored such statements. Nowadays, most governors are 'political', so they keep suppressing the bills. It is not proper and constitutional to sit on the passed bills.

# Bangladesh on a worrying path, proximity to Pakistan-China is not good for India

China has become Bangladesh's largest trading partner as well as a major defense supplier. Although Bangladesh talks about balancing relations between China and India, Chinese-financed infrastructure in coastal Bangladesh, especially Mongla Port and China's strong strategic presence near Munsirhat, cannot be called positive for India-Bangladesh relations. India-Bangladesh have a long history of strategic-cultural-trade relations. India not only played an important role in Bangladesh's freedom struggle, but it has also contributed significantly to its economic and democratic development. Mohammad Yunus, who became the head of the interim government of Bangladesh after the ouster of Sheikh Hasina, is weakening these historical relations by joining hands with Bangladeshi extremists. He is fueling new geopolitics in the region by ignoring Indian interests. In the new foreign policy turn of Bangladesh under the leadership of Mohammad Yunus, Dhaka's growing 'new friendship' with Islamabad and Beijing is an important development from the point of view of India's strategic interests. Especially with regard to the strategically sensitive Siliguri Corridor, often called the 'Chicken Neck'. The Siliguri Corridor is a 22 kilometer wide strip of land in North Bengal, which connects India's northeastern states with the rest of the country. It is surrounded by Nepal, Bangladesh and Bhutan and is close to China-controlled Tibet. India sees any incident in this corridor as a direct threat to national integrity and strategic point of view. Less than 100 kilometers from this 'Chicken Neck' is Munshirhat, which is located in Bangladesh's Khulna Division near the Indian border. It is reported that recently China has opened a new defense center there in the name of infrastructure development. Munshirhat falls in a geographical area where any foreign presence is strategically dangerous for India. Since taking over the leadership last year, Muhammad Yunus has actively tried to deepen Bangladesh's ties with China. During his recent visit to Beijing, Muhammad Yunus discussed a range of issues with Chinese President Xi Jinping, including a reduction in interest rates on Chinese loans and the relocation of Chinese manufacturing units to Bangladesh. Recently, China has also significantly expanded its presence in Bangladesh through massive investments and military cooperation. This is a part of China's broader 'String of Pearls' strategy, which aims to surround India with a network of Chinese-friendly states and strategic assets. Notably, the construction of a submarine base in Bangladesh has enhanced its naval capabilities and expanded its strategic reach in the Bay of Bengal. In addition, China has invested more than $25 billion in various projects in Bangladesh, making it a major economic partner of the country. The construction of the Padma Bridge rail link in Bangladesh, financed by Chinese loans, a connecting road between Mongla Port and southwestern districts, and increased cooperation exercises between the militaries of the two countries in the Bay of Bengal are evidence of the new strategic partnership between Dhaka and Beijing. China has become Bangladesh's largest trading partner as well as a major defence supplier. Although Bangladesh talks of balancing relations between China and India, Chinese-financed infrastructure in coastal Bangladesh, especially the strong strategic presence of China near Mongla Port and Munsirhat, cannot be said to be positive for India-Bangladesh relations. This is why India has expressed concern over recent road connectivity and inland waterway projects involving Chinese firms in southern Bangladesh. To teach Bangladesh a lesson, India has withdrawn the facility given to it to trade through its territory. Through this, India allowed Bangladeshi exports to go to a third country through its territory. The withdrawal of this facility could lead to an increase in costs and hamper Bangladesh's trade, especially readymade garment exports. Prime Minister Narendra Modi met Mohammad Yunus at the recent BIMSTEC summit in Bangkok. In the talks, Prime Minister Modi stressed the importance of avoiding rhetoric that could further strain bilateral relations. He also expressed concern over violent behavior against minority groups, especially Hindus, in Bangladesh and advocated a thorough investigation into the atrocities, but these steps will have a temporary effect. It is possible that India's move may inspire Bangladesh to strengthen relations with China. In such a situation, India will have to re-evaluate its strategy and formulate a long-term strategy to control the growing influence of China in its neighborhood, because just as superpowers influence other countries through ports, corridors and digital infrastructure, Bangladesh's south-western borders can play an important role in the emerging Indo-Pacific rivalry.

# Road accidents are a national disaster, 3.3 lakh people die in a year


To improve the license process in the country, it has to be taken out of formalities and brought into the realm of reality. The new process should be more digital and standardized and should be such that there is no scope for mistakes. From the beginning to the last stage, all aspects should be thoroughly examined and there should be minimum human intervention. The crisis related to road accidents in India indicates an emergency. The figures related to this national disaster are shocking. In the year 2022 alone, 1.68 lakh people lost their lives in road accidents. This number is more than the population of Davos, Monaco or Bhutan's capital Thimpu. Whereas according to unofficial figures, on an average 3.3 lakh people die in road accidents in the country during a year. This number is more than the population of Iceland or even more than the American soldiers who lost their lives in the Second World War. It is clear that India is far above in terms of road accidents. 11 percent of the world's road accidents happen in India, while only one percent of global vehicles are in the country. More than 450 Indians die in road accidents every day. This can be understood in such a way that a packed Airbus A380 plane is crashing every day, but this issue remains missing from the headlines. Accountability is also not fixed in this. There are other sad aspects of tragic road accidents. For example, the maximum number of people who lose their lives in these accidents are between 15 and 29 years of age. Often these are the earning members of their families or the responsibility of earning in future rests on their shoulders. One in four deaths in road accidents is of people of this age group. Half of the deaths in accidents are related to two-wheelers or pedestrians. This fact highlights the weak infrastructure and negligence of safety towards the most vulnerable people on the road. The number of people killed in these accidents is much more than any epidemic or terrorist attack, but neither the necessary legal initiatives are being taken to solve this problem nor any reforms have been initiated. In short, despite being the biggest man-made disaster, road accidents are the most ignored. The roots of the crisis related to road accidents are aspects like poor engineering, low quality projects, absence of signboards or misleading signboards and lack of accountability of engineers and consultants. The government and NHAI have taken steps like marking black spots and redesigning accident prone areas, but things are not working out. From normal roads to highways, the solution remains a distant dream. Forget about proper signage at many places, even lane marking has not been done properly. Another question is that on the roads where there are indicator signs, do the drivers follow them?

If seen, the infrastructure of roads in India is not as big a problem as the indiscipline seen in walking on the roads. In such a situation, it is natural for the process of issuing driving licenses in the states to come under question. With time, India has seen extensive changes in the condition of roads and speed of vehicles, but licensing standards have more or less remained the same. The licensing process has not been able to keep pace with the times as the number of high-speed vehicles and expressways has increased. In most parts of the country, driving tests are just a formality, in which skills like reversing the vehicle or parking it in a limited area are tested. Many applicants are not tested on criteria like real road conditions, night driving, highway merging or emergency response. What is even worse is that many licenses are issued without any verification, in which middlemen get this work done through bribes. It has also become very necessary to remove administrative evasions on this front. In comparison to India, the licensing process in developed countries is very comprehensive and honest. In Germany, driving license is given only after compulsory classroom instruction, virtual training in simulators and driving for a few hours under supervision. In such a situation, India's licensing structure has not only become outdated but also dangerous. It invites accidents by allowing novice drivers to take to the roads. Instead of becoming the first step to prevent accidents, it has become a means of promoting them. It has become necessary to get rid of such a collusive licensing process. To improve the licensing process in the country, it will have to be brought out of formalities and into the realm of reality. The new process should be more digital and standardized and should be such that there is no scope for mistakes. All aspects should be thoroughly examined from the beginning to the last stage, there should be minimum human intervention. Automated driving test tracks should be built in the country where real time monitoring is possible through sensors. The license should also be linked with Aadhaar biometric and a centralized database should be created so that duplication of licenses and fake identities can be avoided. Such processes should be uniform across states and linked to a common national licensing framework with performance, renewal and penalty provisions. Regular audits of driving schools and public rating of their performance should be done. There should be no laxity in compliance and accountability even after the license is issued. No, no action can be taken. It will be necessary to punish the driver and the concerned authority for any negligence. This entire process should be completed immediately and speedily. In the case of commercial driving licenses, standards will have to be kept high and vigilant will have to be maintained regarding their regular renewal. An effective grievance redressal mechanism will also have to be established in which citizens' rights can be further empowered. Adopting all these measures in totality can help in reducing road accidents.

# पति को ड्यूटी से आने में हो जाती थी देर...नाराज पत्नी ने पी लिया जहर !

मुरादाबाद- एक महिला ने कीटनाशक पीकर सुसाइड करने का प्रयास सिर्फ इसलिए किया क्योंकि उसका पति ड्यूटी से घर देरी से लौटता था। कुंदरकी थाना इलाके में हुई इस घटना के बाद हर कोई हैरान है। महिला को इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया है। पूरा मामला मुरादाबाद के कुंदरकी थाना क्षेत्र का है। पूनम नाम की महिला को उसके परिवार वाले इलाज के लिए जिला अस्पताल लेकर पहुंचे थे। महिला के पति अर्जुन के मुताबिक उसकी शादी दो साल पहले ही पूनम से हुई थी। दंपति का एक चार माह का बेटा भी है। अर्जुन इलेक्ट्रिक सिटी बस की वर्क शॉप में बस क्लीनिंग का काम करते हैं। बीते 15 दिन से वर्क शॉप में काम ज्यादा है। लिहाजा वह देरी से घर लौट रहा था, पूनम को उसका घर देर से लौटना नगवार गुजर रहा था। रविवार की रात भी अर्जुन घर देरी से पहुंचे तो पूनम ने नाराजगी जाहिर की और दोनों के बीच विवाद हुआ। सोमवार सुबह जब अर्जुन ड्यूटी आने की तैयारी कर रहे थे इसी बीच पूनम ने घर में रखी मच्छर मारने की दवाई पी ली। हालत बिगड़ी तो परिवार वाले इलाज के लिए जिला अस्पताल लेकर पहुंचे। डॉक्टरों के मुताबिक पूनम की हालत अभी नाजुक बनी हुई है।





# बिलासपुर में बरात से लौट रहे पिता-पुत्र और समेत तीन की मौत, तेज रफ्तार ट्रक बाइकों में मारी टक्कर

बिलासपुर में नैनीताल रोड पर हुए हादसे में बाइक सवार पिता, पुत्र और बहू की ट्रक से कुचलकर मौत हो गई। हादसे के बाद ट्रक चालक फरार हो गया। पुलिस आरोपी की तलाश कर रही है।बिलासपुर में नैनीताल रोड पर बरात से वापस लौटते समय बाइक सवार पिता पुत्र और पुत्रवधु को भूसे से भरे ट्रक ने रौंद दिया। इससे तीनों की मौके पर ही मौत हो गई। हादसे के बाद मौके पर पहुंची पुलिस ने तीनों के शवों को कब्जे में ले लिया। हादसे में मृत केमरी थाना क्षेत्र के सुनारखेड़ा के रहने वाले हैं।यह हादसा बिलासपुर कोतवाली क्षेत्र के धावनी हसनपुर गांव के पास का है। केमरी थाना क्षेत्र क् सुनारखेड़ा गांव निवासी मियां जान (68) अपने बेटे मोहम्मद आमीन (37), उनकी बहू शकीना बी (35) रविवार की रात में बिलासपुर में किसी रिश्तेदार के यहां बरात में शामिल होने गए थे। रात करीब 11 बजे तीनों लोग दो बाइकों से वापस लौट रहे थे।धावनी हसनपुर गांव के पास मियां जान फोन पर किसी से बाइक रोककर बात करने लगे। उनको रुका देखकर आमीन और उनकी पत्नी शकीना रुक गईं। तीनों लोग बाइक खड़ा कर बातें करने लगे। इस बीच बिलासपुर से आते भूसे से भरे ट्रक ने तीनों को रौंद दिया। इसमें तीनों की मौके पर ही मौत हो गई। हादसे के बाद चालक मय ट्रक के फरार हो गया। घटना की जानकारी पाकर पुलिस भी मौके पर पहुंच गई। पुलिस ने तीनों के शवों को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। सूचना के बाद परिवार के लोग भी पहुंच गए। बिलासपुर कोतवाल बलवान सिंह ने बताया कि हादसे में तीन लोगों की मौत हो गई है। तीनों के शवों का पोस्टमार्टम कराया जा रहा है।



# संभल में फ्री गाजा-फ्री फलस्तीन के पोस्टर चिपकाने वालों पर कार्रवाई, सात गिरफ्तार.. मास्टरमाइंड की तलाश

संभल जिले के नरौली कस्बे में फ्री गाजा, फ्री फिलस्तीन के पोस्टर मंदिरों, मस्जिदों, दुकानों व मदरसों की दीवारों और खंभों पर चिपकाए दिए गए। पुलिस ने सीसीटीवी फुटेज के आधार पर सात लोगों को गिरफ्तार किया गया है। पोस्टर चिपकाने के बाद क्षेत्र में तनाव का माहौल है। संभल जिले के कस्बा नरौली में फ्री गाजा, फ्री फिलस्तीन और इस्राइली सामान के बहिष्कार की अपील से जुड़े पोस्टर सार्वजनिक स्थलों पर चिपकाए जाने से हड़कंप मच गया। यह पोस्टर मंदिरों, मस्जिदों, मदरसों, दुकानों और खंभों पर चिपकाए गए थे। पुलिस ने जांच कर सात युवकों को गिरफ्तार किया। इनमें से तीन को जेल जबकि चार को जमानत पर रिहा कर दिया गया।यह मामला तब सामने आया जब शुक्रवार सुबह कस्बे के लोगों की नजर दीवारों और खंभों पर लगे इन विवादित पोस्टरों पर पड़ी। देखते ही देखते यह खबर पूरे क्षेत्र में फैल गई। सामाजिक सौहार्द बिगड़ने की आशंका के बाद पुलिस भी सर्तक हो गई। यह पोस्टर नरौली के भट्टी वाला बाग, कुरैशियान चौराहा, काजी टोला चौराहा, सब्जी मंडी, मैन मार्केट, सर्राफा मार्केट, जामा मस्जिद तिराहा, पीपल वाला मंदिर, चामुंडा मंदिर और बंजारी कुआं समेत कई स्थानों पर चिपकाए गए थे।थाना बनियाठेर के प्रभारी निरीक्षक रामवीर सिंह ने बताया कि सीसीटीवी फुटेज और स्थानीय दुकानदारों से मिली जानकारी के आधार पर आरोपियों की पहचान की गई। इसके बाद रहीस निवासी नई बस्ती नरौली, मतलूब, फरदीन, असीम, सैफ अली, अरमान और अरबाज निवासी गांव जनेटा को गिरफ्तार कर कोर्ट में पेश किया गया। तीन युवक जेल भेजे गए, चार को मिली जमानत गिरफ्तार सातों युवकों को एसडीएम न्यायालय में पेश किया गया। जहां से असीम, सैफ अली और अरमान को न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया गया। वहीं रहीस, मतलूब, फरदीन और अरबाज को जमानत पर रिहा कर दिया गया।घटना के बाद लोगों ने पुलिस की गश्त व्यवस्था पर सवाल उठाए हैं। लोगों का कहना है कि यदि पुलिस गश्त कर रही थी तो फिर इन अराजक तत्वों ने कैसे इतनी आसानी से पोस्टर चिपका दिए। मामले को लेकर पुलिस से भी शिकायतें की गई हैं।

# मुरादाबाद के लिए ऐतिहासिक पल, लोक सेवा दिवस के अवसर पर मुरादाबाद सुगम्य पुस्तकालय को नवाचार श्रेणी में मिला प्रधानमंत्री एक्सीलेंस एवार्ड

## दिव्यांगजनों के लिए सुगम्य पुस्तकालय की स्थापना के लिए मा0 प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी ने जिलाधिकारी मुरादाबाद को किया सम्मानित

मुरादाबाद - 21 अप्रैल, लोक सेवा दिवस के अवसर पर विज्ञान भवन, न्यू दिल्ली में मा0 प्रधानमंत्री



श्री नरेन्द्र मोदी जी द्वारा जिलाधिकारी मुरादाबाद श्री अनुज सिंह को जनपद मुरादाबाद में दिव्यांगजनों के लिए सुगम्य पुस्तकालय की स्थापना के लिए नवाचार श्रेणी में प्रधानमंत्री एक्सीलेंस एवार्ड से सम्मानित किया गया। पूरे देश से लगभग 710 जनपदों और मंत्रालयों से 1588 आवेदनों में से 16 आवेदनों को पुरस्कार हेतु नामित किया गया था, जिसमें उत्तर प्रदेश से एकमात्र जनपद मुरादाबाद रहा। इस पुरस्कार से पूर्व जनपद मुरादाबाद को सुगम्य पुस्कालय के लिए मुख्यमंत्री राज्य पुरस्कार से भी सम्मानित किया जा चुका है। सुगम्य पुस्तकालय के निर्माण में मंडलायुक्त श्री आन्जनेय कुमार सिंह के निर्देशन एवं मुख्य विकास अधिकारी श्री सुमित यादव की भूमिका का अहम योगदान रहा।

# वृद्धावस्था पेंशन का सत्यापन प्रारंभ, अपात्रों को नहीं मिलेगा लाभ'मंडलायुक्त और जिलाधिकारियों को सत्यापन के दिए निर्देश

मुरादाबाद -प्रदेश के 61 लाख लाभार्थियों का हो रहा सत्यापन, जिसमें जनपद मुरादाबाद के 52628 लाभार्थी हैं। उप निदेशक और समाज कल्याण अधिकारी करेंगे 10 प्रतिशत् क्रॉस वेरिफिकेशन जीवित को मृतक दर्शाने वाले सत्यापनकर्ता अधिकारी, कर्मचारी पर होगी कड़ी कार्यवाही जीरो पावर्टी अभियान के अंतर्गत चिन्हित निर्धनतम परिवारों को मिलेगा वृद्धावस्था पेंशन का लाभ बुजुर्गों को बेहतर जीवन देने के लिए समाज कल्याण विभाग द्वारा राष्ट्रीय वृद्धावस्था पेंशन योजना चलाई जा रही है। वास्तविक और पात्र लाभार्थियों तक ही योजना का लाभ पहुंच सके, इसके लिए जनपद मुरादाबाद में नए वित्तीय वर्ष 2025-26 में पेंशन भुगतान के लिए सूची में शामिल 52628 लाभार्थियों के सत्यापन का कार्य शुरू कर दिया गया है। मुख्य सचिव के शासनादेश के द्वारा समस्त मंडलायुक्त और जिलाधिकारियों को निर्देश जारी कर दिए गए हैं। जिसके अंतर्गत वृद्धावस्था पेंशन के 52628 लाभार्थियों का सत्यापन 25 मई तक किया जाएगा। मृतक एवं अपात्र पाए गए पेंशनरों को सूची से हटाकर, उनकी जगह नए पात्र लाभार्थियों को लाभांवित किया जाएगा । 'ये है पात्रता' विभाग की ओर से 60 वर्ष या उससे अधिक आयु के बीपीएल आय सीमा के अंतर्गत वृद्धजनों को प्रतिमाह 1000 रुपये की पेंशन डीबीटी के माध्यम से तिमाही प्रदान की जा रही है। इसके अंतर्गत उत्तर प्रदेश का निवासी होना जरूरी है। ग्रामीण क्षेत्र के आवेदक की वार्षिक आय 46,080 रुपये और शहरी क्षेत्र में वार्षिक आय 56,460 रुपये से कम होनी चाहिए। ग्रामीण क्षेत्र में सत्यापन बीडीओ के माध्यम से और शहरी क्षेत्र में जिलाधिकारी द्वारा नामित एसडीएम अथवा अधिशासी अधिकारी के माध्यम से करवाया जा रहा है। 'गलत सत्यापन पर दंडात्मक कार्यवाही' निदेशक, समाज कल्याण द्वारा समस्त मंडलीय उप निदेशक एवं समाज कल्याण अधिकारियों को 10 प्रतिशत् क्रॉस वेरिफिकेशन करते हुए सत्यापन की गुणवत्ता का परीक्षण करने के निर्देश दिए गए हैं। जिसके आधार पर जीवित पेंशनर्स को मृतक दर्शाए जाने वाले सत्यापनकर्ता अधिकारी और कर्मचारी के खिलाफ जिलाधिकारी द्वारा दंडात्मक कार्रवाई की जाएगी। विभागीय अधिकारियों द्वारा यह सुनिश्चित किया जाएगा कि सत्यापन समयबद्ध और गुणवत्तापरक हो। 'जीरो पावर्टी अभियान में चिन्हित परिवारों को मिलेगी पेंशन' जीरो पावर्टी अभियान के अंतर्गत प्रदेश सरकार द्वारा हर गांव से 25 परिवार चिन्हित किए गए हैं, जो आर्थिक रूप से कमजोर हैं, इन परिवारों को समाज की मुख्य की मुख्यधारा से जोड़ने के लिए समाज कल्याण विभाग ने कार्यवाही शुरू कर दी है। चिन्हित परिवारों के 60 वर्ष या उससे अधिक आयु वर्ग के वृद्धजनों को भी सत्यापन के दौरान पात्रता के अनुसार आवेदन करवाए जाएंगे और उनको लाभ दिलवाया जाएगा। उन्हें जून माह से प्रथम किश्त की पेंशन दी जाएगी।'पारदर्शिता का भी रखा गया ध्यान' इस योजना को पारदर्शी बनाने के लिए तकनीक का प्रयोग कर कई ठोस कदम उठाए गए हैं। इसके लिए लाभार्थियों को समय से पेंशन का भुगतान सुनिश्चित करवाने के लिए उनके आधार प्रमाणीकरण की कार्यवाही की जाती है। लाभार्थियों के आधार और मोबाइल नंबर को बैंक खातों से लिंक करवाया जाता है। एकीकृत पोर्टल के माध्यम से यह सुनिश्चित किया जाता है कि एक व्यक्ति किसी एक पेंशन में ही लाभ प्राप्त कर सके।

# हज 2025 के शेष हज यात्रियों का दिनांक 22.04.2025 को मदरसा जामे उल हुदा, गलशहीद एवं दिनांक 23.04.2025 को सी0एच0सी0 कुन्दरकी में होगा टीकाकरण

वर्ष 2025 में हज पर जाने वाले यात्रियों के प्रथम चरण के टीकाकरण हेतु दिनांक 19.04.2025 निर्धारित की गई थी जिसमें हज यात्रियों का टीकाकरण कराया जा चुका हैं। शेष हज यात्रियों के टीकाकरण हेतु दिनांक 22.04.2025 व 23.04.2025 निर्धारित की गई है। जिला अल्पसंख्यक कल्याण अधिकारी द्वारा बताया गया कि जनपद के कुल 1578 हज यात्रियों में से कुल 1103 हज यात्रियों का टीकाकरण पूर्व निर्धारित कार्यक्रम अनुसार दिनांक 19.04.2025 को सफलतापूर्वक कराया जा चुका है। शेष हज यात्रियों के टीकाकरण हेतु जनपद में संचालित राज्यानुदानित मदरसा इस्लामिया अरबिया जामे उल हुदा, गलशहीद एवं सी0एच0सी0 कुन्दरकी निर्धारित किये गये हैं। मदरसा इस्लामिया अरबिया जामे उल हुदा, गलशहीद में टीकाकरण हेतु दिनांक 22.04.2024 निर्धारित की गई है तथा दिनांक 23.04.2025 सी0एच0सी0 कुन्दरकी में टीकाकरण हेतु निर्धारित की गई है। टीकाकरण कराने हेतु कवर नम्बर का प्रिन्ट एवं कोई एक आई0डी0 कार्ड साथ लाना अनिवार्य है। जिला अल्पसंख्यक कल्याण अधिकारी द्वारा समस्त हज प्रशिक्षको एवं समस्त हज प्रशिक्षण स्थलों के प्रभारियों से अपेक्षा की गई है कि टीकाकरण के सम्बन्ध में अपने स्तर से मस्जिदों एवं मदरसों आदि के माध्यम से प्रचार - प्रसार करें तथा शेष हज यात्रियों को टीकाकरण हेतु प्रोत्साहित करें।

## संक्षिप्त समाचार

# नाराज पत्नी को ससुराल लेने गए युवक की मौत, हत्या का आरोप

मुरादाबाद- नाराज पत्नी को मनाने ससुराल गए युवक की संदिग्धहालात में मौत हो गई। युवक के परिवार वालों ने ससुराल वालों पर जहर देकर हत्या करने का आरोप लगाया है। सूचना पर पुलिस ने पोस्टमार्टम कराके शव परिजनों को सौंप दिया है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट में जहर से मौत की पुष्टी हुई है। मूल रूप से संभल के बनियाठेर निवासी होशियार सिंह प्रजापति पुत्र राजकुमार काफी समय से थाना कटघर क्षेत्र के कमला विहार बलदेवीपुरी में रहता था। होशियार सिंह एक फर्म में काम करता था। उसकी शादी नौ साल पहले मूंढापांडे के गांव अक्कारायपुर निवासी आरती के हुई थी। उसकी दो बेटियां ओस्वी और उमा हैं। बताया कि 18 अप्रैल को होशियार सिंह का उसकी पत्नी आरती से विवाद हो गया। जिसके बाद आरती नाराज होकर मायके चली गई थी। मृतक के भाई राजकुमार ने बताया कि शनिवार की सुबह होशियार अपनी पत्नी को मनाकर लाने के लिए ससुराल गया था। वहां उसकी हालत अचानक खराब हो गई। सूचना पाकर रात में ही पिता रामप्रकाश पहुंचे, जिसके बाद ससुरालवाले और साला उसे निजी अस्पताल ले गए। जहां से जवाब मिलने के बाद साईं अस्पताल लेकर जा रहे थे। लेकिन रास्ते में ही उसकी मौत हो गई। भाई राजकुमार के अनुसार मौत के बाद ससुर और साला शनिवार देर रात लगभग 10ः30 बजे होशियार का शव घर के बाहर छोड़कर चले गए। जिसके बाद परिवार वालों ने पुलिस को सूचना दी। परिजनों ने आरोप लगाया कि ससुराल में जहर देकर होशियार सिंह की हत्या की गई है। मौके पर पहुंची पुलिस ने रात में ही शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया था। रविवार को पोस्टमार्टम में जहर से मौत की पुष्टि हुई है। इस संबंध में थाना कटघर प्रभारी निरीक्षक संजय कुमार ने बताया कि ससुराल गए युवक की संदिग्ध हालात में मौत हुई है। परिजनों ने जहर देने का आरोप लगाया है। अभी कोई तहरीर नहीं मिली है। पोस्टमार्टम कराके शव परिजनों को सौंप दिया गया है। तहरीर मिलने पर पोस्टमार्टम रिपोर्ट के आधार पर आगे की कानूनी कार्रवाई की जाएगी

# शारिक साटा और सिकंदर की लाखों की संपत्ति होगी कुर्क, दोनों के पाकिस्तानी आतंकियों से संबंध

गैंग बनाकर अपराध और अवैध संपत्ति अर्जित करने के मामले में शारिक साटा और उसके साथी सिकंदर के खिलाफ कोर्ट ने कुर्की के आदेश दिए हैं। दोनों ने लाखों की संपत्ति पत्नियों के नाम कराई थी। शारिक और सिकंदर पर यूपी, उत्तराखंड, दिल्ली व बंगाल में कई आपराधिक मुकदमे दर्ज हैं।गैंग बनाकर अपराध कर संपत्ति अर्जित करने के मामले में शारिक साटा और उसके साथी सिकंदर के खिलाफ कोर्ट ने कुर्की के आदेश दिए हैं। शारिक साटा संभल में 24 नवंबर को हुए बवाल में साजिश रचने का भी आरोपी है। थानाध्यक्ष नखासा की आख्या अनुसार सिकंदर और शारिक उर्फ साटा निवासी मोहल्ला दीपा सराय के खिलाफ गिरोहबंद एवं समाज विरोधी क्रियाकलाप करने के मामले में केस दर्ज हैं।सिकंदर और शारिक साटा ने अपराध के जरिये ग्राम तुर्तीपुरा संभल 268 वर्ग मीटर का प्लॉट अपनी पत्नियों साजिया परवीन और गुल ए रोशन के नाम कराया था। इस संपत्ति की कीमत लाखों में बताई जा रही है। नखासा पुलिस ने दोनों को नोटिस तामील कराए थे।जिला मजिस्ट्रेट न्यायालय के अभिलेख के अवलोकन से स्पष्ट है कि सिकंदर और शारिक साटा के विरुद्ध थाने में गैंगस्टर एक्ट का अभियोग पंजीकृत है। सिकंदर के खिलाफ यूपी और उत्तराखंड के विभिन्न थानों में 18 आपराधिक मामले और शारिक साटा के खिलाफ यूपी, उत्तराखंड, दिल्ली, पश्चिम बंगाल के विभिन्न थानों में भी 36 आपराधिक मुकदमे दर्ज हैं। ज्येष्ठ अभियोजन अधिकारी ने बताया कि दोनों मामलों में नोटिस तामील कराए गए। अवसर देने के बाद भी कोई जवाब दाखिल नहीं हुआ। सुनवाई विशेष न्यायाधीश गैंगस्टर एक्ट/अपर सत्र न्यायाधीश संभल के न्यायालय में हुई। पक्ष रखा, जिसके बाद कोर्ट ने संपत्ति को कुर्क करने के आदेश दिए हैं। पुलिस के मुताबिक दोनों के पाकिस्तानी आतंकियों से संबंध हैं। बवाल में हुईं चार हत्याओं में आरोपी बनाए गए शारिक शाटा के गुर्गे गुलाम और मुल्ला अफरोज के खिलाफ एसआईटी ने बृहस्पतिवार को कोर्ट में चार्जशीट दाखिल की। एसपी कृष्ण कुमार विश्नोई ने बताया कि तीसरे गुर्गे वारिश की चार्जशीट भी जल्द दाखिल की जाएगी।

क्यूँ न लिखूँ सच

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक नरेश राज शर्मा द्वारा ए0एच0प्रिंटर्स, ए-11, असालतपुरा, लंगड़े की पुलिया, मुरादाबाद-244001(उत्तर प्रदेश) से छपवाकर कार्यालय म.नं. 210 खा सीतापुरी, डबलफाटक जनपद-मुरादाबाद (उत्तर प्रदेश) से प्रकाशित एवं वितरित किया।

**संपादक - नरेश राज शर्मा**

**मो. 9027776991**

**RNI NO- UPBIL/2021/83001**

**इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादक हेतु पीआरबी एक्ट के अन्तर्गत उत्तरदायी होंगे तथा समस्त विवाद मुरादाबाद न्यायालय के अधीन होंगे।**

ज्यूँ न लिखूँ सच समाचार पत्र में सभी पद अवैतनिक है

# नौकरी को देश सेवा मानकर कार्य करें अधिकारी- मा0 केंद्रीय राज्य मंत्री

क्यूँ न लिखूँ सच - ब्यूरोचीफ

आज जनपद की मा0 प्रभारी मंत्री गुलाब देवी ने सोमवार को कलेक्ट्रेट स्थित अटल बिहारी वाजपेयी सभागार में मा0 मुख्यमंत्री डैशबोर्ड, जिला अनुश्रवण पुस्तिका के कार्यों की समीक्षा बैठक की अध्यक्षता करते हुए अधिकारियों को सक्रियता व सजगता से कार्य करने व कार्यों को नैतिक दायित्व मानकर उसका निर्वहन करने के लिए कहा। बैठक में विशेषकर विद्युत व्यवस्था में आवश्यक सुधार के निर्देश विद्युत अधिकारियों को दिए गए।प्रदेश सरकार में राज्य मंत्री स्वतंत्र प्रभार माध्यमिक शिक्षा व जनपद की प्रभारी मंत्री मा0 गुलाब देवी ने विद्युत विभाग के अधिकारियों से कहा कि वह रोस्टर के अनुसार विद्युत आपूर्ति सुनिश्चित कराएं। उन्होंने कहा कि जल जीवन मिशन ग्रामीण के अंतर्गत सड़कों पर कराए गए गड्ढो को जल जीवन मिशन के अधिकारी समय से व ठीक प्रकार से भरवाए। उन्होंने गौशालाओं की स्थिति में सुधार कराने के लिए भी कहा। उन्होंने दिव्यांगों के लिए खेल का मैदान चिन्हित करने के लिए भी कहा। उन्होंने बताया कि 27 अप्रैल को जन सहयोग से नेकपुर में बनाए गए छात्रावास का उद्घाटन किया जाएगा। इसमें 68 कंप्यूटर की डिजिटल लाइब्रेरी है तथा दूर दराज के व सर्वसमाज के छात्र यहां रह सकते हैं। उन्होंने कहा कि सरकार दलितों, पिछड़ों व गरीबों के कल्याणनाथ कार्य कर रही है। उन्होंने कहा कि आकांक्षात्मक ब्लॉक पर कार्य किया जाए। मा0 बिल्सी विधायक हरिश शाक्य ने कहा कि विद्युत व्यवस्था में सुधार हो। उन्होंने सामुदायिक शौचालयों के नियमित संचालन की आवश्यकता पर जोर दिया जिस पर जिला पंचायत राज अधिकारी ने कहा कि एक सप्ताह में वह सामुदायिक शौचालयों का सत्यापन करवाएंगे। उन्होंने कहा कि जल जीवन मिशन के अंतर्गत जो कार्य अवशेष रह गए हैं उनको जल्द से पूर्ण कराया जाए ताकि ग्रामीणों में स्वच्छ जल आपूर्ति हो। मुख्य विकास अधिकारी केशव कुमार ने जनपद की प्रगति आख्या रखते हुए बताया कि 87 विकास कार्यक्रमों की समीक्षा की गई। उन्होंने बताया कि मार्च 2025 तक शासन स्तर से की गई रैंकिंग में जनपद को 65 कार्यों में ए-प्लस रैंकिंग प्राप्त हुई है, एक कार्य में 'ए' तथा चार कार्यों में 'बी' श्रेणी प्राप्त हुई है। उन्होंने बताया कि सूरजपुर माह अप्रैल के अन्त तक तथा कछला में माह मई के प्रथम सप्ताह तक निर्माणाधीन वृहद गौशालाओं का निर्माण पूर्ण हो जाएगा। उन्होंने बताया कि बदायूं शहर में गौशाला के निर्माण के लिए जमीन मिल गई है। उन्होंने बताया कि पिछली बैठक 26 अक्टूबर 2024 को हुई थी तथा अब भविष्य में प्रत्येक माह यह बैठक संपन्न हो इसके निरंतर प्रयास किए जाएंगे। इससे पूर्व पी0डब्ल्यू0डी0 के गेस्टहाउस आगमन पर प्रभारी मंत्री को गार्ड ऑफ ऑनर दिया गया। प्रभारी मंत्री ने केन्द्रीय राज्यमंत्री, जिलाधिकारी व पार्टी पदाधिकारियों के साथ नेकपुर में केन्द्रीय राज्यमंत्री के प्रयासों से जन सहयोग से बनाए गए आधुनिक लोधी छात्रावास का निरीक्षण भी किया, जिसका आगामी 27 अप्रैल को लोकार्पण भी किया जाना है। इस अवसर पर अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व वैभव शर्मा, प्रशासन अरुण कुमार, नगर मजिस्ट्रेट सूरज पाल, मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ रामेश्वर मिश्रा, एसडीएम कल्पना जायसवाल सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी मौजूद रहे।




# गांव चलो अभियान के अंतर्गत-रिठौरा में पहुंचे एम0 एल 0सी0- बहोरन लाल मौया

क्यूँ न लिखूँ सच

रिठौरा।भारत रत्न बाबा साहेब डॉ भीमराव अंबेडकर की जन्मजयंती को पन्द्रह दिवसीय विभिन्न रचनात्मक एवं ज्ञान की अलख जगाने के उद्देश्य से सोमवार को गांव चलो अभियान के अंतर्गत एम 0एल0सी0बहोरन लाल मौर्या नगर के मोहल्ला नयी बस्ती सभासद नीरज कुमारी की बैठक पर पहुंचे जहां भारी संख्या में दलित, पिछड़े लोग पहले से ही मौजूद मिले।



सभी ने उनका स्वागत - सम्मान किया।इस दौरान श्री मौर्या ने वहां मौजूद सभी लोगों को बाबा साहेब के संविधान तथा आम दलित, पिछड़े जनमानस को उनके अधिकारों एवं सम्मानजनक जीवन शैली को अपनाने का आह्वान करते हुए बच्चों को शिक्षित करने की अपील की। बीच-बीच में बाबा साहेब के जयघोषों से पूरी बैठक गुंजायमान हो उठी।इस दौरान वरिष्ठ पूर्व लिपिक जगदीश गंगवार, पूर्व चेयरमैन राकेश कुमार उर्फ आर के कश्यप,सभासद वीरपाल कश्यप, कमलेश गंगवार, समाजसेवी दिनेश भास्कर, बाबूराम, पूर्व सभासद पप्पू कश्यप, बुद्धसेन,सुंदर लाल सहित तमाम लोग मौजूद रहे।

प्रिय सुधि पाठको आप अपना यहाँ शुभकामना सन्देश (Birthday, anniversary, any kind of message) कम कीमत में विज्ञापन छपवाए - 9027776991

## संक्षिप्त समाचार

# जिला अस्पताल शामली में दिव्यांगजन परेशान

क्यूँ न लिखूँ सच - राकेश गुप्ता

शामली जिला अस्पताल शामली में हर सोमवार अस्पताल के द्वारा डॉक्टर की टीम दिव्यांगजन प्रमाण पत्र बनाने के लिए कैंप का आयोजन करती है इस कैंप में दिव्यांग जनों के प्रमाण पत्र बनाए जाते हैं लेकिन जिला अस्पताल में आज तक पर्याप्त मात्रा में मशीन और डॉक्टर उपलब्ध नहीं है जिससे हर सोमवार दिव्यांग जनों को मेडिकल टीम मेरठ मुजफ्फरनगर नोएडा दिल्ली आदि शहरों में रेफर करती है की अपनी दिव्यांगता की जांच वहां करवा कर आओ फिर हम आपको परसेंटेज देंगे अब कुछ ही दिव्यांग ऐसे हैं जो दूसरे शहर में अपनी दिव्यंका की जांच करवा सकते हैं हर दिव्यांग के पास ऐसी सुविधा नहीं है इससे जिले में दिव्यांगजन काफी परेशान है और दिव्यांगों को दिव्यांग विभाग द्वारा चलाई जा रही योजनाओं का कोई लाभ नहीं मिल पा रहा है नहीं उनके पास प्रमाण पत्र है और ना ही वे किसी चीज के लिए आवेदन कर सकते हैं सभी दिव्यांगों का अनुरोध है की जिला अस्पताल शामली में सभी सुविधाएं उपलब्ध कराई जाए ताकि दिव्यांगों को अपना प्रमाण पत्र बनवाने में कोई दिक्कत ना हो और उन्हें योजनाओं का लाभ मिल सके



# गालो मुस्कुरालो संस्था ने स्थापना दिवस पर पत्रकारों को सम्मानित किया

क्यूँ न लिखूँ सच - ब्यूरोचीफ

बरेली। गालों मुस्कुरालो वेलफेयर सोसाइटी ने आज अपनी स्थापना के चार वर्ष पूरे होने पर एक सम्मान समरोहबक आयोजन किया। जिसमे बरेली के पत्रकारों को अंगवस्त्र उपहार देकर सम्मानित किया। इस अवसर पर गालों मुस्कुरालो वेलफेयर सोसाइटी के सदस्य और स्थानीय गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहे। सचिव अरुण शर्मा ने कहा कि गालो मुस्कुरालो ज़ूम के माध्यम से लोगों को जोड़ने की एक अद्भुत कला है और लोग घर पर रहकर अपने अन्य कार्यों के साथ साथ गायन से जुड़े रहते हैं। अभी तक लगभग 180 से ज़्यादा लोग विभिन्न शहरों से प्रदेशो से इससे जुड़ चुके हैं प्रत्येक रविवार को 40-45 लोग इसमें शामिल होकर अपनी प्रस्तुति भी देते हैं। सम्मानित होने बाले पत्रकारों में संजीव गंभीर, शाहिस्ता नफीस, विजय सिंह, लोटा मुरादाबादी, विवेक मिश्र, पुत्तन सक्सेना, अजय शर्मा, दीप तिवारी, टोनी, संजय श्रीवास्तव, सचिन भारतीय सहित अन्य पत्रकारों को सम्मानित किया। कार्यक्रम का संचालन, अजयराज शर्मा ने किया। इस मौके पर कोषाध्यक्ष सत्य प्रकाश ओबेराय, मिडिया प्रभारी विजय शर्मा ,विवेक सक्सेना,राजेश अग्रवाल ,रागिनी अग्रवाल,बेबी शर्मा,कंचन शर्मा ,कैलाश चंद्र शर्मा , नागेश अग्रवाल,बिपिन मेहरा,उदय गोयल ,विकास जोहरी ,विपिनचन्द्र मिश्र ,अजयराज शर्मा ,रतन शंकर शर्मा, आरती अग्रवाल ,पूनम शर्मा ,किरण पाठक,माला शर्मा आदि सदस्य मौजूद रहे।




# शिक्षा पर सभी का है हक

क्यूँ न लिखूँ सच - ब्यूरोचीफ

उ0प्र0 राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण, लखनऊ के निर्देशानुक्रम में माननीय जनपद न्यायाधीश/अध्यक्ष, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, बदायूं के निर्देशानुपालन में जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, बदायूं द्वारा सोमवार को बच्चों के अधिकारों के विषय पर विधिक साक्षरता/जागरूकता शिविर का आयोजन पी एम श्री केन्द्रीय विद्यालय, शेखुपुर, बदायूँ में आयोजित किया गया। शिविर का शुभारम्भ अपर जिला एव सत्र न्यायाधीश/सचिव, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, बदायूं शिव कुमारी की अध्यक्षता में किया गया। कार्यक्रम के प्रारम्भ में असिस्टेन्ट, एल0ए0डी0सी0/जि0वि0से0प्रा0, बदायूं, कशिश सक्सेना, द्वारा अपने वक्तव्य में कार्यक्रम में उपस्थित छात्राओं के विधिक अधिकारों से सम्बन्धित एवं 3 नये कानूनों के बारे में एवं भारतीय संविधान में वर्णित अनुच्छेद-14, अनुच्छेद-15 एवं अनुच्छेद-18, अनुच्छेद-21 व 21ए, अनुच्छेद-43, राज्य के सभी श्रमिक मजदूरों एवं शिक्षा का अधिकार अधिनियम 2009 के बारे में विस्तार पूर्वक प्रकाश डाला गया। नायब तहसीलदार, उझानी, तहसील सदर जनपद बदायूँ, श्री अमित कुमार, द्वारा अपने वक्तव्य में कार्यक्रम में उपस्थित सभी छात्र-छात्राओं को सरकार द्वारा चलायी जा रही विभिन्न प्रकार की योजनाओं एवं बालिकाओं के अधिकारों बाल विवाह, भ्रूण हत्या आदि के बारे में विस्तार पूर्वक जानकारी दी गयी। उक्त मध्यस्थता केन्द्र के सदस्यों/अधिवक्ताओं द्वारा दोनों पक्षों को बिठाकर समझौता कराया जाता है, इसी क्रम में जनपद न्यायालय परिसर, बदायूं में स्थित ए0डी0आर0 भवन संचालित न्यायालय स्थायी लोक अदालत की प्रक्रिया एवं कार्यकलापों के बारे में जानकारी दी गयी एवं जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, बदायूं के टोल फ्री नम्बर 15100 पर भी कॉल कर विधिक सहायता प्राप्त कर सकते हैं, उक्त कार्यक्रम का संचालन, परास्तनातक(अर्थशास्त्र), राम कुमार सरोज, द्वारा किया गया। इसके अतिरिक्त कार्यक्रम में, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, बदायूं का स्टाफ एवं पराविधिक स्वयं सेवकगण, व पी एम श्री केन्द्रीय विद्यालय, शेखुपुर, बदायूँ की प्रभारी प्राचार्या, संगीता सक्सेना, परास्तनातक (वाणिज्य), सिमरन गुप्ता, परास्तनातक (भौतिकी), श्यामला, परास्तनातक (कम्प्यूटर सांइस), कृष्णकान्त, परास्तनातक (इतिहास), राजेश कुमार आदि समस्त स्टाफ उपस्थित रहा।इसके उपरान्त शिविर के अध्यक्ष की अनुमति से उक्त शिविर का समापन किया गया।




# शहर में नहीं लग पा रही चाइनीज मांझे पर रोक, अब चपेट में आकर होमगार्ड

क्यूँ न लिखूँ सच - ब्यूरोचीफ

बरेली। ईसाइयों की पुलिया के पास रविवार दोपहर बाइक सवार होमगार्ड मांझे की चपेट में आने से घायल हो गया। होमगार्ड को जिला अस्पताल में इलाज के लिए भर्ती कराया गया। ट्रैफिक पुलिस में तैनात होमगार्ड सुधांशु कुमार बीते दिवस दोपहर को सेटेलाइट से पुलिस लाइन जा रहे थे। वह जब ईसाइयों की पुलिया के पास पहुंचे तभी अचानक से उनकी बाइक के आगे चाइनीज मांझा आ गया। उन्होंने अपने हाथ से मांझा हटाने का प्रयास किया तो उनका हाथ कटने के साथ ही बाइक भी गिर गई। जिसमें वह घायल हो गए। आसपास के लोगों ने उन्हें किसी तरह से उठाकर उपचार के लिए जिला अस्पताल भेजा।




# सखी लेडीज क्लब में पारंपरिक खेल, पर्यावरण से संबंधित दी जानकारियां

क्यूँ न लिखूँ सच - ब्यूरोचीफ

